

# पीएम के लिए बोड़ा जाते हैं तलेन के शव

**दूसरी बार गलती : पहले अस्पताल में भी पीएम घर नहीं था और नए अस्पताल भवन के ले आउट में भी शामिल नहीं**

**तलेन अस्पताल में नहीं होता है पोस्टमॉर्टम**

**नए अस्पताल भवन के नक्शे में शामिल की जगह, टूटेगा आजादी के बाद का रिकॉर्ड**

नवभारत न्यूज

**तलेन 11 फरवरी, सं. जीते जी जहां तलेन नगर में अस्पताल में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं बमुश्किल मिल पा रही है वहीं मौत के बाद भी कानूनी कार्यवाही की परिस्थितियों में शवों के पोस्टमॉर्टम की सुविधा अस्पताल भवन में नहीं मिल पा रही है. यह सिलसिला आजादी के बाद से अब तक चला आ रहा है. तलेन के शवों को मर्ग कायम होने के बाद पुलिस अनुसंधान और विवेचना के लिए पोस्टमॉर्टम हेतु बोड़ा भेजना पड़ता है.**

तलेन को अब सिविल अस्पताल के रूप में उन्नयन किया जा रहा है. इसके पूर्व यह आरोग्य केन्द्र था. लेकिन बड़ी आबादी क्षेत्र होने के कारण यहां विशेष प्रकरणों में जहां शवों के पीएम की जरूरत होती है ऐसे में पुलिस महकमे को काफी मशक्कत करनी पड़ती है. शवों को पीएम के लिए बोड़ा भेजा जाता है. ऐसे में परिजनों और पुलिस के समय का काफी नुकसान होता है साथ ही कानूनी प्रकिया में भी विलंब होता है. हालांकि अस्पताल अमला और स्थानीय पुलिस इस मामले में प्रबंधन काफी लंबे समय से करती आ रही है.

वर्तमान में तलेन अस्पताल के प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. धर्मेन्द्र बामनिया से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि तलेन में विभिन्न मामलों में पुलिस अनुसंधान और विवेचना जैसे विषयों में शवों को बोड़ा भेजा जाता है. हमने प्रयास किया है कि निर्माण के दौरान नए अस्पताल भवन में पीएम घर उपलब्ध हो जाए जिससे कि विवेचना में लगने वाला समय बचे और मृतक के परिजनों को भी बेवजह औपचारिकताओं के चक्कर में परेशान ना होना पड़े. उन्होंने बताया कि वर्तमान में जो व्यवस्था है उसमें समय काफी लग जाता है जिससे कई बार मृतक के परिजनो की नाराजगी भी हमें झेलनी पड़ती है.




## नर्सिंग स्टाफ बढ़ाने की मांग


2023 के बाद भूमिपूजन को तरसने वाले तलेन के अस्पताल भवन के लिए अच्छा समय शुरू हो चुका है. वर्ष 2026 में इसका भूमिपूजन और निर्माण की शुरूआत से नागरिकों में स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन की उम्मीद जगी है. हालांकि वर्तमान में स्टाफ की कमीं तलेन में जरूर है. यहां एकमात्र नर्सिंग स्टाफ है. ऐसे में पूरे समय वे व्यवहारिक रूप से उपलब्ध नहीं रह सकती. साथ ही इमरजेंसी केस अथवा प्रसूति जैसे मामलों की स्थिति में वे ओपीडी एवं सामान्य मरीजों को अटेण्ड नहीं कर पाती. ऐसे में मरीजों और परिजनों के कोप का भाजन भी होना पड़ता है. कईं बार मरीज क्रोधवश शिकायत भी करते हैं जिससे बेवजह वर्किंग पर असर भी पड़ रहा है. यहां जिला चिकित्साधिकारी और प्रशासन और नर्सिंग स्टाफी की पर्याप्त संख्या में तैनाती करनी चाहिए. अस्पताल 14 करोड़ की लागत से बन रहा है जिसे 15 महीनों में पूर्ण किया जाना है.

## नए अस्पताल के नक्शे में नहीं है पीएम घर

हाल ही में तलेन में नवीन अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है. छात्रावास की भूमि पर बनने वाले इस अस्पताल भवन का निर्माण करीब 14 करोड़ की लागत से होने जा रहा है. इस भवन में सभी सुविधाएं, कक्ष होंगे. लेकिन इसके निर्माण के पहले बनाए गए नक्शे में पीएम घर यानी पोस्टमॉर्टम रूम की कोई व्यवस्था नहीं है. इस तथ्य की जानकारी तब सामने आई जब स्थानीय चिकित्सको सहित नरसिंहगढ़ और जिले के चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने उत्सुकतावश निर्माण संबंधी जानकारी ली. मामले को जिला प्रशासन के संज्ञान में भी लाया गया है. निर्माण एजेंसी ने वैकल्पिक तौर पर अस्पताल भवन में पीएम घर की व्यत्स्था करने की बात कही है. लेकिन नक्शे में इसे शामिल नहीं करना हास्यास्पद बात है.

## एक नजर में

### 3 माह बाद भी सूदखोरों पर नहीं की कार्यवाही



**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 11 फरवरी, सं.** सूदखोरों द्वारा प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है. रघुनंदन शर्मा ने बताया कि उसके माता-पिता के एक्सीडेंट होने पर इलाज हेतु बीरम पिता हरिसिंह तंवर निवासी पुरा खाजला से 1 लाख रूपया लिया था. रूपया देते समय ही बीरम ने ब्याज के दस हजार रूपया काट कर 90 हजार रूपये दिये थे. जो रघुनंदन शर्मा को बारह महीने में बीरम तंवर को 10 प्रतिशत के ब्याज से 2 लाख बीस हजार रुपए देने थे. जिसमें रघुनंदन शर्मा ने 5 महीने बाद पचास हज़ार रूपया बीरम तंवर को दे दिये ओर एक लाख सत्तर हजार रूपया लगभग आधा फागन की अमावस पर 1 लाख 70 हजार रूपया बीरम तंवर के घर जाकर दे दिये. लिखा-पढ़ी का स्टाम्प जो 2 प्रति शत के ब्याज से लिखवाया था वो वापस नहीं दिया. बीरम तंवर ने कहा कि खिलचीपुर कमरे पर रखा है. जिसे एक दो दिन में वापस दे दूंगा लेकिन दो तीन महीने बीतने बाद भी नहीं दिया. रघुनंदन शर्मा ने बताया कि मेने बीरम तंवर को पूरा रूपया दे दिया है. मुझे तीन माह बीतने पर भी लिखा-पढ़ी का स्टाम्प नहीं दिया. स्टाम्प की लिखा पढ़ी मांगने पर मुझे एक साइड ले जाकर बंदूक का कट्टा सिर पर लगाकर बीरम तंवर मुझसे गाड़ी की चाबी छुड़ाकर ले गया. जिसकी मेंने पुलिस थाने में रिपोर्ट की लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की. खिलचीपुर थाने में मेने तीन बार आवेदन दे दिया एक बार तो थाने से आवेदन ही गुम हो गया. मामले में थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती का कहना है कि दोनों पक्षों को बुलाकर जांच की जाएगी. दोषी पर नियमानुसार कार्यवपाही की जावेगी.

### जनगणना के लिए समिति का गठन

**राजगढ़ 11 फरवरी, का.** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला स्तर पर जनगणना 2027 से संबंधित गतिविधियों के सफल संचालन एवं सतत पर्यवेक्षण हेतु जिला जनगणना समन्वय समितिका गठन किया गया है. गठित समिति में कलेक्टकर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा रहेंगे. इसी प्रकार जिला जनगणना अधिकारी/डिप्टीन कलेक्टिर को संयोजक नियुक्तर किया गया है. साथ ही समिति में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना/सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है.

### महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 11 फरवरी, सं.** परलापुरा खेड़ापति माताजी के मंदिर निर्माण के बाद अब उनकी प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है. जिसको लेकर समिति ब ग्रामीण जानों की सहायता से सारी तैयारी की जा रही है. यज्ञ आचार्य पंडित शालिक राम महाराज ने बताया कि शनिवार 14 फ़रवरी को यज्ञ प्रारम्भ, समापन 20 फरवरी को किया जाएगा.

# बंद समूहों का सर्वे, सरपंच सचिवों को नोटिस थमाए

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 11 फरवरी, सं.** शासन द्वारा मध्य प्रदेश दीनदयाल योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक बगिया मां के नाम योजना में ग्राम पंचायत धामनिया के सरपंच ,सचिव द्वारा आजीविका मिशन कार्यालय, प्रबंधक खिलचीपुर को बिना सूचना दिए हितग्राहियों के निष्क्रिय समूहों का सर्वे विकासखंड जीरापुर की कृषि सखी के माध्यम से कराया गया जो नियम विरुद्ध है. घोर अनियमितता सरपंच , सचिव द्वारा की गई है, जिस पर विकास मिशन प्रबंधक ने सरपंच, सचिव को नोटिस थमाया है. यही नहीं हितग्राहियों के स्व सहायता समूह वर्तमान में निष्क्रिय है. हितग्राहियों समूह सदस्य के नाम श्रीमति रजान बाई पति कंवरलाल जयश्री राम समूह श्रीमती शांताबाई पति हरिसिंह, जय श्रीराम समूह श्रीमति रेशम बाई पति कंवरलाल,जय श्री राम समूह श्रीमति कंचन बाई पति बनेसिह,जय श्री राम समूह श्रीमति लाडबाई पति भगवान सिंह,जय श्री राम समूह श्रीमति कृष्णा बाई पति मुकेश, जय श्री कृष्ण समूह श्रीमति वललभ भाई पति भोनसिह , जय श्री कृष्ण समूह आदि है. उक्त अंकित समूह वर्तमान में निष्क्रिय है. फिर भी सरपंच, सचिव द्वारा योजना के शुरुआत में ही हितग्राहियों को योजना का लाभ देकर शासन की राशि का दुरुपयोग कर शासन को चूना लगाया जा रहा है.

*यहां समूह पहले बंद थे अब इन समूह को चालू करवा दिया जाएगा.*

**तरुण भट्ट**
**ब्लॉक प्रबंधक खिलचीपुर**

## बच्चों को समय प्रबंधन करने की सलाह दी

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 11 फरवरी, का.** शासकीय हाई स्कूल सरेड़ी में कक्षा दसवीं के बच्चों के लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया. मुख्य काउंसलर सत्यनारायण शर्मा सेवानिवृत शिक्षक ने बच्चों को 24 घंटे का सही और सकारात्मक समय प्रबंधन बनाना, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखना शोषण मीडिया प्लेटफॉर्म का व्यवस्थित और उचित उपयोग करने के बारे में अपना बहुत ही सारगर्भित और प्रभावी मार्गदर्शन बच्चों को दिया. कार्यक्रम में प्राचार्य मिश्रीलाल दांगी, रामबाबू गौड़ सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे.

## छापीहेड़ा पुलिस ने 7 पेटी अवैध शराब जप्त की, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 11 फरवरी, सं.** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनि मंदिर के पास अवैध शराब के साथ आरोपी को हिरासत में लिया है. थाना छापीहेड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा छापीहेड़ा स्थित शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध देशी शराब रखे हुए है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई, जहाँ से आरोपी चिंटू पिता पारस कंजर, उम्र 25 वर्ष, निवासी छापीहेड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 पेटी अवैध देशी शराब जप्त की गई. उक्त संबंध में थाना छापीहेड़ा में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है. कार्रवाई में हुकुम सिंह मीणा थाना प्रभारी, काशीराम मीणा, मोतीलाल वर्मा, दिलीप राय, नरेंद्र सिंह झाला, भूरा सिंह, नीरज रघुवंशी, साहब सिंह दिनकर, पंकज शर्मा, सुदामा किरार, महिला आरक्षक आकांक्षा शर्मा, सैनिक अरुण सिंह, अशोक राठौर शामिल रहे.

# गीतादेवी गुप्ता पंचतत्व में विलीन, नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

## समाजबंधुओं, गणमान्यजनों एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 11 फरवरी, का.** नगर के वरिष्ठ व्यवसायी कैलाशचंद्र गुप्ता की काकीजी एवं किराना व्यवसायी तथा वरिष्ठ व्यवसायी एवं अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जुगलकिशोर टाटा, राधारमण, अशोक कुमार की माताजी की माताजी, स्व. बसंतीलाल कपास्या (टाटवाला) की धर्मपत्नी श्रीमती गीतादेवी का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया. उनका मंगलवार को देवलोकगमन हो गया था. अंतिम संस्कार मुल्तानपुरा स्थित उनके निजी फार्म हाउस पर किया गया. श्रीमती



गीतादेवी गुप्ता धार्मिक और मिलनसार प्रवृत्ति की महिला थी. वे धार्मिक कार्यो, त्यौहारों और मंदिरों से जुड़े उत्सवों को हमेशा पूरे रीति, रिवाज से मनातीं थी. व्रत और तिथियों को लेकर वे हमेशा लोगों को प्रेरित करतीं थी. सहल, सरल, मिलनसार एवं काफी धार्मिक प्रवृत्ति की श्रीमती गीतादेवी के निधन से मिलने-जुलने वालो में शोक छा गया. धानमंडी स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई. अंतिम संस्कार में मेड़तवाल समाज के वरिष्ठ मोहनदास करोड़िया, नगर सुधार समिति अध्यक्ष डॉ केसी मिश्रा, संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी हेमंत सेठिया, वरिष्ठ व्यवसायी संपत मोदानी, मुरारीलाल अग्रवाल चाचा, रमेश जैन मामा, श्रीनाथ गर्ग, अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट से गोविन्द बड़ोने, विनोद नागर, ज्ञानू विजयवर्गीय, मनीष शर्मा चोटी, पुरषोत्तम गुप्ता कुराडियाखेड़ी, पुरषोत्तम गुप्ता, बैलास वाले, मधु मूंदड़ा, मंदिर ट्रस्ट से सुरेशचंद्र अग्रवाल, भाजपा नेता मोहन पंवार, पार्षद प्रतिनिधि रवि बड़ोने, राजीव जैन लाला, डॉ अशोक अग्रवाल, धर्मेन्द्र शर्मा, हेमंत जजावरा, संजय सोनी सहित बड़ी संख्या मेड़तलवाल समाज बंधुओं, व्यापारियों और धार्मिक संस्थानों से जुड़े लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी.

## लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस

**राजगढ़ 11 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संकुलवार शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र के आवेदन लोक सेवा केंद्रों में व्यवस्थित रूप से जमा कराए जाएं. बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या समग्र आईडी में किसी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें अभियान मोड में लेकर समयबद्ध रूप से सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए. सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें. समीक्षा के दौरान प्रोफाइल एवं ओटीआर प्रविष्टियों में मात्र 10 प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बीईओ ब्यावरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. वहीं बीईओ जीरापुर एवं खिलचीपुर द्वारा अपेक्षित संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है.




# पंडित जी पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की चिंता करते थे

नवभारत न्यूज

**तलेन 11 फरवरी, सं.** नगर में आज बस स्टेण्ड परिसर पर सभागार मे भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय की पुण्य तिथि मनाई गयी, पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय की पुण्य तिथि समर्पण दिवस के रूप मे मनाते हुए भाजपा मंडल तलेन के कार्यकर्ताओ द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की और समर्पण के रूप मे सांकेतिक चेक भी भेंट करके आजीवन सहयोग निधि के कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया. पुष्पांजलि के इस कार्यक्रम मे समर्पण करते हुए मुख्य वक्ता भूपेंद्र सिंह राजपूत जिला संयोजक राजगढ़ सहित भाजपा जनो मे मोरसिंह यादव, गजराज सिंह बमोरी, पवन यादव, महेश यादव, कैलाश लववंशी, रामबाबू कुशवाह, लक्ष्मीनारायण शर्मा, अजबसिंह वंशकार, कमलेश पाटीदार, अवध नारायण उपाध्याय, मोहनलाल धनगर, राजेंद्र राजपूत टिकरिया, कैलाश मोहन यादव, मनोज यादव, सिद्धूलाल राठौर, दिलीप बना इकलेरा जसवंत सिंह अबाड़ा, पप्पू अहिरवार, महेश यादव मिर्जापुर, घनश्याम जाटव मिर्जापुर, विनोद यादव उपाध्यक्ष, सहित नारायण सिंह यादव नपा अध्यक्ष, जिला मंत्री प्रतिनिधि कैलाश वैष्णव,रामबाबू मंडल जिला पंचायत सदस्य, मानसिंह यादव फौजी सरकार मंडल प्रभारी, देवीसिंह बेस मालाखेड़ी, हरिसिंह केशवाल, शिव नारायण शर्मा मौजूद रहे.

## खिलचीपुर में मनाई पुण्यतिथि

**खिलचीपुर 11 फरवरी, सं.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मंडल भाजपा ने पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मनाई. आयोजन में भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने कहा कि पंडित के दर्शन पर चल रही केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार, भारतीय जनता पार्टी मंडल खिलचीपुर द्वारा रविवार को पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बुधवार को समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई. पंचमुखी हनुमान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया ने पंडित जी के जीवन पर प्रकाश डाला. उनके पद चिन्हों पर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार चल रही है गरीब को ऊपर उठाने का लक्ष्य लेकर भाजपा सरकार कार्य कर रही है और अनेक योजनाएं शुरू की गई है. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी, देवेंद्र गौड़, ओमप्रकाश गुप्ता, संदीप शर्मा, भवानी पहाड़िया, रामचरण, रामचरण नीरज मालाकार सुरेन्द्र सिंह, एलकर सिंह, रमेश शर्मा, आरती दुबे, महेश मालाकार, शिव योगी, रेखा जोगी मौजूद थे.

# वर्ष भर के उत्कृष्ट प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## संतोष मित्तल स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज

**पचोर 11 फरवरी, सं.** प्रो. संतोष मित्तल हायर सेकेंडरी स्कूल पचोर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक गोपाल गोयल, सत्यनारायण गुप्ता, विनोद राठी, प्रबंधक संजय सोनी एवं प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना द्वारा किया गया. 'भूल भुलैया' फिल्म के गीत पर दी गई नृत्य प्रस्तुति ने विशेष आकर्षण बटोरा. कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों और शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को




सम्मानित किया. गणतंत्र दिवस पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया. विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया. विद्यालय प्रबंधक संजय सोनी ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि तिनका तिनका जोड़े जा, जो मिला सब ओड़े जा, ऊपर बैठा वह मुंशी रख रहा तेरी हर कोशिश का हिसाब, तू बस अपने काम से अपने काम को जोड़े जा, बस जोड़े जा. वर्षभर की गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर पर्ल हाउस विजेता और एमरल्ड हाउस उपविजेता रहा.

**रिपोर्ट ▶ पट्टा वितरण, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन 2 .0 एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा**

# पचोर में सर्वाधिक अपूर्ण पीएम आवास, सीएमओ को नोटिस

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 11 फरवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में पट्टा सर्वेक्षण एवं वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ( 1.0 एवं शहरी 2.0 ), स्वच्छ भारत मिशन 2.0, पीएम स्वनिधि योजना तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की निकायवार विस्तृत समीक्षा की गई. साथ ही एसडीएम एवं सीएमओ से बिंदुवार जानकारी प्राप्त की गई.**

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया कि पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता पर



सुनिश्चित किया जाए. एसडीएम राजगढ़ को एक सप्ताह में लंबित प्रकरणों का भौतिक सत्यापन कर पात्र हितग्राहियों को पट्टे आवंटित करने के निर्देश दिए गए. माचलपुर एवं खुजनेर में चारनोई भूमि के मद परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित कर लंबित विषयों का निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया.

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत निकायवार अपूर्ण आवासों की संख्या अधिक पाए जाने पर पचोर सीएमओ को निलंबन संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. साथ ही पचोर के आवास प्रभारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा गया. योजना में निम्न प्रदर्शन पाए जाने पर सीएमओ सारंगपुर एवं संबंधित उपयंत्री (सब इंजीनियर) को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.

## सुठालिया आवास प्रभारी का वेतन रोका

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एकीकृत वेब पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समय पर सत्यापन नहीं करने पर सुठालिया के आवास प्रभारी की एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. स्वच्छ भारत मिशन2.0 अंतर्गत वाटर बॉडी एवं पार्क विकास कार्यों की निकायवार गहन समीक्षा की गई. कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए. पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए. बैठक में सभी अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जवाबदेही तय करने एवं निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के सख्त निर्देश दिए गए.